भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1284

जिसका उत्तर दिनांक 22.09.2020 को दिया जाना है

आंध्र प्रदेश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया जाना

1284. श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र को स्थापित किए जाने का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन कराया है और परियोजना के लिए स्थान का चयन किया है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, हां ।

(ख) कोव्वडा, श्रीकाकुलम जिला, आंध्र प्रदेश में प्रत्येक 1208 MW क्षमता के छह नाभिकीय विद्युत रिएक्टर स्थापित करने के लिए मेसर्स वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कम्पनी, यूएसए के साथ चर्चा चल रही है ।

(ग) जी, हां ।

(घ) कोव्वडा में स्थल का चयन विशेषीकृत राष्ट्रीय एजेन्सियों द्वारा गहन अध्ययन किए जाने और नाभिकीय सुविधाओं के स्थल मूल्यांकन पर परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) संहिता में निर्धारित मानदंडों के अनुसार स्थायी स्थल चयन समिति (एसएसएससी), भारत सरकार द्वारा मूल्यांकन किए जाने के बाद किया गया था ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

* * * * *